पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-09 शुक्रवार, दिनांक-02 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 04 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 03 तारांकित प्रश्न क्रमांक 599, 601 एवं 604 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vi) 130 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री गजानन्द शाही

(ii) श्री नीरज कुमार सिंह

(iii) डा० दाउद अली

(iv) श्री विजय कुमार सिन्हा

(v) श्री प्रदीप कुमार

(vi) श्री दिनेश कुमार सिंह

(vii) श्री रामदेव महतो

(viii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(ix) श्रीमती मुन्नी देवी

(x) श्रीमती लेशी सिंह

(xi) श्री कन्हैया कुमार

(xii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(xiii) श्री बीरेन्द्र सिंह

(xiv) श्री तारकिशोर प्रसाद

(xv) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री गजानन्द शाही एवं अन्य सभासदों के शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री रामधनी सिंह एवं अन्य सभासदों के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

आसन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि जो विगत तीन दिनों से सदन की वेल में बैठी हुई हैं, से आग्रह किया गया कि वे अपने स्थान पर जाएँ तथा सदन की मर्यादा के अनुकूल कार्य करे परन्तु मा० सदस्या वेल में ही बैठी रही ।

तत्पश्चात् माननीय संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव ''बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-63(3) के अन्तर्गत मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि क्षेत्र सं० 212 डिहरी को दिनांक 02.03.2012 से दिनांक 13.03.2012 तक कुल पाँच उप-वेश्मों के लिए सदन की सेवा से निलंबित किया जाय'', को सदन द्वारा स्वीकृत किया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक ।

[4] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

शिक्षा विभाग :-

शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री पी०के० शाही द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अखतरूल ईमान द्वारा शिक्षा विभाग की मांग पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती उषा सिन्हा

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(iii) श्रीमती रजिया खातून
(iv) डॉ० अब्दुल गफूर
(v) श्री श्याम देव पासवान
(vi) श्रीमती रंजू गीता
(vii) श्री ज्ञानचन्द मांझी
(viii) डॉ० मु० जावेद
(ix) श्री कृष्णनन्दन यादव
(x) श्री सोम प्रकाश सिंह
(xi) श्रीमती मनोरमा प्रसाद
(xii) श्री विनोद कुमार सिंह
(xiii) श्री जितेन्द्र कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiv) डॉ० रण विजय कुमार

माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया । सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अखतरूल ईमान का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[5] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 37 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

[6] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्व० अर्जुन विक्रम शाह, पूर्व राज्य मंत्री, बिहार सरकार एवं स्व० रमा शंकर पांडेय, पूर्व स०वि०स० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की । तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदनों संबंधित शोकाकुल परिवारों के पास भेज दिया जाय ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 05 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-02.03.2012

लक्ष्मीकांत झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।